BRAMPTON Service and Information Update

2 फरवरी, 2023

ब्रैम्पटन के निवासियों और कारोबारियों को सिटी के 2023 के बजट के बारे में फीडबैक और सुझाव पेश करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, सिटी के 2023 के बजट को बेहतर बनाने में मदद के लिए, निवासियों, कम्युनिटी ग्रुपों और कारोबार मालिकों से इनपुट, सुझाव और फीडबैक मांग रही है।

जनता को पूरी बजट प्रक्रिया के दौरान शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है क्योंकि सिटी कई टेलिफोन हॉल्स, वार्ड-विशेष कॉफी चैट्स और बिजनेस राउंडटेबल की मेजबानी कर रही है।

अभी रजिस्टर करें: बजट टेली टाउन हॉल (Budget Tele Town Hall) #1 – 7 फरवरी

बजट चेयर, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) और वाइस चेयर, काउंसलर पॉल विसेंट (Paul Vicente), मंगलवार, 7 फरवरी, 2023 को शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक, पहले बजट 2023 टेलिफोन टाउन हॉल (Budget 2023 Telephone Town Hall) की मेजबानी करेंगे।

कॉल प्राप्त करने और सुनने हेतु साइन अप करने के लिए, कृपया यहां क्लिक करें (click here)। निवासी ऑनलाइन यहां (online here) भी सुन सकते हैं।

हिस्सा लेने वालों को, 2023 के बजट में कम्युनिटी की प्राथमिकताएं साझी करने, सिटी के स्टाफ से सवाल पूछने और मेयर तथा काउंसलरों के काम के बारे में सुझाव देने का अवसर मिलेगा।

ये तारीखें याद रखें

2023 बजट प्रक्रिया में शामिल होने के अन्य अवसरों में शामिल हैं:

- वार्ड कॉफी चैट्स (Ward Coffee Chats) – 17, 20 और 21 फरवरी, 2023
- वर्चुअल (आभासी) बिजनेस राउंडटेबल (Virtual Business Roundtable) – 23 फरवरी, 2023 को सुबह 8 बजे
- टेलिफोन टाउन हॉल (Telephone Town Hall) #2 – 25 फरवरी, 2023 को दोपहर 12 बजे

वर्चुअल लिंकों, समय और स्थान(नों) के बारे में अन्य विवरण, www.brampton.ca/budget पर और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के Twitter, Facebook और Instagram पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

बजट 2023 की समय सीमा

प्रस्तावित बजट, बुधवार, 15 फरवरी को सिटी की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

विचारविमर्श, 27 फरवरी, 2023 को शुरू होंगे और बजट मंज़ूरी की योजना 8 मार्च, 2023 के लिए बनाई गई है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का वार्षिक बजट उन प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और पहलकदमियों की पहचान करता है, जो हमारे स्रोतों के सही प्रयोग को सुनिश्चित करते हैं और हमारी रणनीतिक योजना (Strategic Plan) से जुड़ते हैं, जो हमारे निवासियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करता है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के 2023 के बजट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/budget पर जाएं।

-30-

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca